# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ रिश्तों को बताया 'बहुत अच्छा'

ओसाका : एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी नेता के साथ अपने रिश्ते को 'बहुत अच्छा' बताया.

ट्रंप ने कहा, 'राष्ट्रपति पुतिन के साथ होना बहुत सम्मान की बात है.' अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, 'हमारे संबंध बहुत, बहुत अच्छे हैं.' रूस के साथ ट्रंप के संबंध और दोनों के बीच 2018 में हेलसिंकी में हुई बैठक के बाद पैदा हुए विवाद की पृष्ठभूमि में दुनिया की दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं की बैठक को काफी अहम माना जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ यहां जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता की. जी-20 शिखर सम्?मेलन में भारत और अमेरिका के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में 4 मुद्दों ईरान, 5जी, द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा मामलों पर चर्चा हुई. वहीं पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध और मजबूत हुए हैं.

उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र है सबका साथ और सबका विकास. पीएम मोदी ने कहा कि जापान, अमेरिका और इंडिया का मतलब है 'जय' (JAI).

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम अच्छे दोस्त बन गए हैं. मैं यह पुख्ता तौर पर कहना चाहता हूं कि हम सैन्य व अन्य क्षेत्रों में साथ काम करेंगे.




# तंगहाली के बावजूद PAK के रक्षा बजट में बढ़ोतरी, 1,150 अरब रुपये की मंजूरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद: पाकिस्तान की संसद ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से अगले वित्त वर्ष (2019-20) के लिये 1,152 अरब रुपये के रक्षा बजट को मंजूरी दे दी. संघीय राजस्व मंत्री हम्माद अजहर ने 11 जून को बजट पेश किया था, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि रक्षा क्षेत्र के लिये बजटीय आवंटन पिछले साल के समान ही किया गया है. हालांकि बजट दस्तावेज यह दर्शाता है कि सरकार ने इसमें 4.5 फीसदी का मामूली इजाफा किया है. उल्लेखनीय है कि बदहाली से परेशान इमरान खान सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिशों में लगी है. इसके लिए वह वैश्विक संस्?थाओं से कर्ज ले रही है. हालांकि इसके लिए इमरान खान सरकार को घरेलू मोर्चे पर आलोचना भी हो रही है. इस संबंध में



पाकिस्तान के विपक्षी नेता शहबाज शरीफ ने अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर पिछले दिनों प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार पर हमला बोला और कहा, ''हम भारत के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते थे.''

बजट पर चर्चा शरीफ ने नेशनल असेंबली में एक हफ्ते के हंगामे के बाद बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि खराब नीतियों के कारण अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश कुछ क्षेत्रों में पाकिस्तान से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने कहा, ''अफगानी मुद्रा पाकिस्तानी मुद्रा से अधिक मजबूत है...बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय हमसे ज्यादा है.''

शहबाज शरीफ ने कहा कि 15-20 साल पहले पाकिस्तान भारत के साथ ''स्वस्थ प्रतिस्पर्धा'' कर था क्योंकि वह कपड़ा क्षेत्र में अपने पड़ोसी देश से आगे था. इमरान खान सरकार ने 11 जून को बजट पेश किया था लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हो सकी क्योंकि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता के संबोधन में व्यवधान डाला.

# पाकिस्तान में आसमान से बरसा कहर, जल गए 10 घर, 5 लोगों की मौत, जानें पूरा मामला

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में 10 घरों में भीषण आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी.समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, गिलगित-बाल्टिस्तान के शिगर जिले के चौतरोन गांव में आकाशीय बिजली गिरने के बाद घरों में आग लग गई.



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है.आग लगने के बाद, स्थानीय निवासी घटना स्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया क्योंकि क्षेत्र में बचाव और अग्निशमन दल नहीं थे.

# जी-20 समिट में PM मोदी बोले- जापान, अमेरिका और इंडिया का मतलब है 'JAI'

## पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जापान और अमेरिका की दोस्?ती ने दुश ?मनों के होश उड़ाए हैं. ये तीनों ही देश लोकतंत्र के प्रति समर्पित हैं.

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली : जापान के ओसाका में चल रही जी-20 समिट की बैठक से पहले भारत, जापान और अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई. इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जापान, अमेरिका और इंडिया का मतलब होता है जय (JAI). उन्होंने कहा कि भारत, जापान और अमेरिका की दोस्?ती ने दुश ?मनों के होश उड़ाए हैं. ये तीनों ही देश लोकतंत्र के प्रति समर्पित हैं.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ त्रिपक्षीय बैठकर कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच और बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार पर गहन चर्चा की. ओसाका में जी-20 सम्मेलन शुरू होने से पहले तीनों नेताओं के बीच यह बातचीत हुई. जापान-अमेरिका-भारत (जय) त्रिपक्षीय समूह के बीच यह दूसरी बैठक है. त्रिपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने समूह में ''भारत की महत्ता'' पर जोर दिया. विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा कि चर्चा का प्रमुख विषय हिंद-प्रशांत रहा, कि कैसे तीनों देश पहुंच, संरचनात्मक विकास, शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस नई अवधारणा को बनाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं. प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, ''बेहतर भविष्य के लिये प्रतिबद्ध हैं. 'जय' त्रिपक्षीय बैठक ओसाका में हुई. प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने नेताओं का स्वागत किया. ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी और आबे को चुनाव में जीत के लिए बधाई दी. पीएम मोदी ने 'जय' में भारत की महत्ता को रेखांकित किया.'' पीएम मोदी ने बाद में ट्वीट किया, ''आज 'जय' त्रिपक्षीय बैठक फलदायी रही. हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच और बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार पर गहन चर्चा की. आभारी हूं कि प्रधानमंत्री शिंजो आबे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने विचार साझा किए.'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के बीच जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर दूसरी 'जय' त्रिपक्षीय बैठक हुई.इस दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे तीनों देश एक खुले, स्थिर और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में साथ मिलकर काम कर सकते हैं.'' इसके बाद मोदी ने ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की. पीएम मोदी के 28 और 29 जून को चलने वाले इस जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य नेताओं से मिलने की भी संभावना है. पीएम मोदी छठी बार जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं.